# खंडवा से छिन गया पत्रकारिता का केंद्र, 25 वर्ष बाद कर्मवीर विद्यापीठ पर ताला

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की कर्मभूमि खंडवा से पत्रकारिता की जीवंत विरासत का एक अध्याय समाप्त हो गया है। निमाड़ अंचल में पिछले 25 वर्षों से पत्रकारिता की पौध तैयार कर रहे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कर्मवीर विद्यापीठ परिसर को प्रबंधन ने आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के लिए जारी किए गए प्रवेश विज्ञापन में खंडवा केंद्र का नाम शामिल न होना इस क्षेत्र के भविष्य के पत्रकारों और शिक्षाविदों के लिए एक बड़ा आघात है।**



विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने इस कठोर निर्णय के पीछे आर्थिक घाट को मुख्य कारण बताया है। प्रबंधन का तर्क है कि वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर न होने के कारण इस केंद्र को आगे संचालित करना व्यावहारिक नहीं रह गया था। परंतु, इस निर्णय ने एक गंभीर वैचारिक प्रश्न को जन्म दे दिया है। स्थानीय नागरिकों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का तर्क है कि उच्च शिक्षा संस्थान सार्वजनिक सेवा और ज्ञान के विस्तार के लिए होते हैं, न कि किसी व्यापारिक इकाई की तरह लाभ कमाने के लिए। खंडवा जैसे क्षेत्र में, जहाँ से इस विश्वविद्यालय की वैचारिक नींव जुड़ी है, वहाँ केवल बजट और घाटे का हवाला देकर संस्थान को बंद करना निमाड़ के साथ अन्याय है इस परिसर का इतिहास सरकारी उपेक्षा और प्रशासनिक विफलता की कहानी भी बयां करता है। ढाई दशक का लंबा समय बीत जाने के बाद भी यह केंद्र आनंद नगर स्थित एक किराए के भवन में ही संचालित होता रहा। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इन 25 वर्षों में स्थायी परिसर के निर्माण के लिए चार अलग-अलग स्थानों पर जमीन चिन्हित की गई, लेकिन हर बार फाइलें राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और तकनीकी बहानों की भेंट चढ़ गईं। कभी जमीन को शहर से दूर बताया गया, तो कभी उबड़-खाबड़ कहकर प्रस्ताव ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं भी धरातल पर नहीं उतर सकीं और अंततः नगर निगम से मिली भूमि पर भी निर्माण शुरू नहीं हो पाया।

आज इस केंद्र की तालाबंदी से निमाड़ और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों के उन प्रतिभावान युवाओं के सामने संकट खड़ा हो गया है, जिनके लिए मीडिया जगत में प्रवेश का यह सबसे सुलभ और प्रतिष्ठित मार्ग था।

इस केंद्र के पूर्व छात्र आज देश के शीर्ष मीडिया संस्थानों में कार्यरत हैं, जो इसकी गुणवत्ता का प्रमाण है। वर्तमान में शहर के विभिन्न संगठनों ने सरकार से इस फैसले पर रोक लगाने और राष्ट्रकवि की स्मृतियों से जुड़े इस संस्थान को पुनर्जीवित करने की पुरजोर मांग की है।

## ई-मेल के जरिए पहुंचाया विरोध



माखनलाल चतुर्वेदी कर्मवीर विद्यापीठ को बंद करने के फैसले ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों में आक्रोश की चिंगारी भड़का दी है। सद्भावना मंच द्य के सदस्यों ने इस निर्णय के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव और कुलपति विजय मनोहर तिवारी को सामूहिक रूप से ई-मेल और ट्वीट कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिस महान साहित्य मनीषी दादा माखन ने अंग्रेजों के खिलाफ जनता को जगाया, उनकी ही कर्मभूमि में स्थापित कलम के सिपाहियों की इस पाठशाला को बंद करना बेहद निराशाजनक है ।मंच के सदस्यों ने शासन की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस वर्ष केवल भोपाल और रीवा के लिए आवेदन मंगाकर खंडवा केंद्र को अस्तित्वहीन करने की साजिश रची जा रही है। ई-मेल अभियान के दौरान पूर्व डीएसपी आनंदपाल तोमर, अनूप शर्मा, निर्मल मंगवानी सहित अन्य सदस्यों ने निमाड़ की इस शैक्षणिक धरोहर को बचाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने का संकल्प लिया। मंच ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस केंद्र को बंद करने के फैसले पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### एक नजर में

## स्लॉट के लिए जाग रहे किसान सिस्टम बना परेशानी का कारण




**खंडवा।** समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए बनाई गई ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग व्यवस्था जिले के किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। सुविधा के नाम पर शुरू की गई यह प्रक्रिया अब किसानों के लिए मानसिक और शारीरिक परेशानी का कारण बन गई है। हालात ऐसे हैं कि किसान दिनभर खेतों में मेहनत करने के बाद रात में मोबाइल लेकर स्लॉट बुक करने के प्रयास में जागने को मजबूर हैं। किसान अनिल पटेल अत्तर सहित कई किसानों का कहना है कि एक स्लॉट बुक करने के लिए उन्हें दो से तीन मोबाइल फोन का सहारा लेना पड़ रहा है। देर रात तक प्रयास करने के बावजूद पोर्टल या तो खुलता नहीं या फिर अंतिम चरण में जाकर फेल हो जाता है। कई बार ओटीपी आने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती, जिससे किसानों की निराशा और बढ़ रही है ।विडंबना यह है कि बार-बार की कोशिशों के कारण किसान अपना पंजीयन कोड याद कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सिस्टम उनका साथ नहीं दे रहा। किसानों का कहना है कि वेयरहाउस तक पहुंचना जितना आसान है, उससे कहीं अधिक कठिन ऑनलाइन स्लॉट प्राप्त करना हो गया है। तकनीक से राहत मिलने के बजाय उन्हें अतिरिक्त दबाव और अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है ।यह स्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। एक ओर डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और सुविधा का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया को सरल, सुगम और भरोसेमंद बनाया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए इस तरह की परेशानियों से न गुजरना पड़े।

# इत्र और पुष्प वर्षा से महकेगा श्रीकृष्ण बालाजी नगर

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** सुदर्शन मिल चौराहा स्थित बालाजी ग्रुप की नवीन कॉलोनी श्री कृष्ण बालाजी नगर आज पूरी तरह बाबा श्याम के रंग में रंगी नजर आएगी। सोमवार (एकादशी) को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

**दिव्य श्रृंगार और छप्पन भोग होंगे आकर्षण**-आज की शाम बाबा खाटू श्याम का दरबार अलौकिक रूप में सजाया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष रूप से छप्पन भोग, इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गई है। साथ ही राधे-कृष्ण की सजीव झाँकियाँ श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी, जो भक्तिमय वातावरण में चार चाँद लगा देंगी।



**सुरों के संगम से सजेगी महफिल**-शाम को आयोजित होने वाली इस भजन संध्या में सुरों की महफिल सजेगी, जिसमें जबलपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूनम त्रिपाठी अपनी सुरीली आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगी। इंदौर के ख्याति प्राप्त कलाकार अंकित गुरुजी और साथ में सौरभ लाडला बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाएंगे।

**समाजसेवियों और गणमान्य जनों का होगा सम्मान**-बालाजी ग्रुप के संस्थापक समाजसेवी रितेश गोयल ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कॉलोनी का उत्सव नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी कि यहाँ एक बड़ा धार्मिक समागम हो। इसी कड़ी में आज भजन संध्या के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, ताकि समाज में सेवा का भाव और मेल-मिलाप बढ़ सके।

**भक्तों से पधारने की अपील**-बालाजी ग्रुप ने सनावद सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। बाबा के भजनों का आनंद लेने के लिए लोगों का जुटना शुरू हो गया है। बालाजी ग्रुप ने सभी धर्मप्रेमी जनता को सपरिवार इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया है।

कार्यक्रम में भक्तों को प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम का समय आज शाम आठ बजे से देर रात तक रहेगा।

# कार सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत, दो गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र में शुक्रवार की काली रात एक ऐसी त्रासदी लेकर आई, जिसने दो गांवों के हँसते-खेलते परिवारों को उम्र भर का दर्द दे दिया। बलवाड़ा से लुनहार गांव की ओर जा रही बारात उस वक्त मातम में डूब गई, जब एक तेज रफ्तार कार एक गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक खंडहरनुमा मकान में जा घुसी।



जानकारी अनुसार टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है, जिनका इलाज किया जा रहा है। इस हादसे ने मोहित (22), ऋतिक (24) और पुष्पक (24) की मौके पर ही मौत हो गई है। वही गंभीर रूप से घायल पवन और सावन का उपचार फिलहाल जिला अस्पताल में जारी है। जैसे ही मृतकों के शव अस्पताल पहुंचे, वहां परिजनों और परिचितों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। अपनों को खोने का गम इस कदर था कि अस्पताल परिसर में मौजूद हर शख्स की आँखें नम हो गईं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे सहित पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। प्रशासन और पुलिस अब हादसे के कारणों की पड़ताल कर रही है। हालांकि, जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है।

# जिला जेल में लगी विशेष जेल लोक अदालत

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार रविवार को जिला जेल खंडवा में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोक अदालत जैसे माध्यमों से इसे सरल, सुलभ और त्वरित बनाया जा रहा है, जिससे बंदियों को शीघ्र राहत मिल सके और वे सुधार की दिशा में आगे बढ़ सकें।




विशेष लोक अदालत के अंतर्गत समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, लघु अपराधों से संबंधित मामले, प्ली बारगेनिंग के प्रकरण एवं अन्य उपयुक्त मामलों को चिन्हित कर सुनवाई की गई। कुल 5 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 1 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह पहल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ बंदियों को शीघ्र न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम साबित हो रही है।

लोक अदालत के आयोजन के साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनके प्रकरणों की स्थिति, अधिवक्ता की उपलब्धता, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें ।कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पैनल अधिवक्ता एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। यह आयोजन बंदियों के बीच विश्वास बढ़ाने और न्याय व्यवस्था को और अधिक मानवीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# वर्कशॉप चोरी का खुलासा, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्कशॉप से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने भोपाल से लोडिंग वाहन चोरी कर खंडवा में चोरी को अंजाम दिया था।



पुलिस के अनुसार हरसूद रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के सामने संचालित विश्वकर्मा वेल्डिंग वर्कशॉप से लोहे के दरवाजे, जालियां, तराफे और पाइप सहित करीब 62 हजार रुपए का सामान चोरी होने की शिकायत फरियादी राजेश पांचाल ने दर्ज कराई थी।

इस पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई ।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रवीण आर्य के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से संदिग्ध वाहन की तलाश की। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 04 एलडी 6650 का पता लगाकर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी आदित्य पिता अशोक तंवर (45), निवासी एयरपोर्ट कॉलोनी भोपाल ने कबूल किया कि उसने उक्त लोडिंग वाहन भोपाल से चोरी किया था और उसी से खंडवा में वारदात की।

जांच में सामने आया कि इस वाहन की चोरी का मामला भोपाल के थाना कोहेफिजा में पहले से दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपए कीमत का लोडिंग वाहन तथा 62 हजार रुपए का चोरी किया गया लोहे का सामान बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ भोपाल के विभिन्न थानों में चोरी सहित कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना कोतवाली की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस आगे की जांच जारी है।


दैनिक नवभारत

छनेरा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
महेश जैन (संवाददाता) मो. 98263 68865

पुनासा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
शुभम सोनी (संवाददाता) मो. 99077 23585

छैगांवमाखन में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
लाड़ न्यूज एजेंसी, छैगांवमाखन
रंजना अमित लाड़ (संवाददाता) मो. 7828819062

पंधाना में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
जय न्यूज़ एजेंसी, पंधाना
किशोर सपकाल (संवाददाता) मो. 8305187155

किल्लौद में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
अपना न्यूज़ एजेंसी, किल्लौद
सौरभ राठौर (संवाददाता) मो. 7828628002

मूंदी में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
चरक न्यूज एजेंसी, मूंदी
डॉ. रिजवान कुरैशी (संवाददाता) मो. 9826545003

बीड़ में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
पूर्वी न्यूज एजेंसी, बीड़
राजेन्द्र सोनी (प्रतिनिधि) मो.9424710031,9617086499

राई में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
श्री दादाजी न्यूज़ एजेंसी, राई
राम कसेरा (संवाददाता) मो. 9340594203


# कलचुरी कलार समाज का परिचय सम्मेलन कल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा के तत्वावधान में 28 अप्रैल को राजधानी भोपाल के लिंक रोड नंबर-3 स्थित कलचुरि भवन में कलचुरि कलार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक चलेगा।

मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल और भोपाल प्रवक्ता राजेश राय के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु जी की पूजा-अर्चना से होगी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे। महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एल.एन. मालवीय ने बताया कि सम्मेलन में 500 से अधिक युवक-युवती मंच पर आकर अपना परिचय देंगे। इस आयोजन का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी चयन का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर प्रतिभागियों के बायोडाटा एवं फोटो से सुसज्जित कलचुरियन कीर्ति पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। परिचय सत्र के बाद परिवारजन आपसी चर्चा के लिए अलग कक्ष में बैठकर रिश्तों पर विचार-विमर्श कर सकेंगे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शाम 7 बजे से हास्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। साथ ही समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा ।समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय, जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे, महापौर मालती राय सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष दिनेश चौकसे एवं डॉ. जे.पी. मालवीया ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### एक नजर — भारतीय मजदूर संघ की निजी होटल में हुई बैठक

# श्रमिक शक्ति से भारत को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भारतीय मजदूर संघ (भामसं) मध्यप्रदेश के संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह के प्रवास के दौरान बडगांव भीला रोड परिसर में बैठक आयोजित की गई । जिला मंत्री प्रवीण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव मालवीय ने की। बैठक में विभिन्न यूनियनों के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की उपस्थिति रही।




**माल्यार्पण व श्रमिक गीत से हुआ शुभारंभ**-कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा, भारत माता एवं श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद श्रमिक गीत प्रस्तुत किया गया। सुरेश पटेल ने श्रमिक गीत गाकर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

**श्रम संहिताओं पर दिया मार्गदर्शन, आगामी रूपरेखा भी रखी**-आशीष सिंह ने अपने उद्बोधन में संगठन की रीति-नीति, श्रमिक हितों, संगठन की मजबूती एवं वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन के विषय में भी विस्तार से अवगत कराया। विभाग प्रमुख ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री प्रवीण शर्मा ने किया तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी से संगीता यादव, प्रमोद सिंह, राधेश्याम वर्मा, निखिलेश सोहनी, सुभाष केशोरे, एन.के. सोनी, अश्विन सैनी, शीला फूलमाली,नरेंद्र सोलंकी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

**संगठन सुदृढ़ीकरण का लिया संकल्प**-अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।